Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 20-04-2005

Participants : Azmi Shri Iliyas

Title: Need to increase the amount under 'Sam Vikas Yojana' for construction and repair of roads leading to historical palaces in Gopa Mau town in Hardoi district, Uttar Pradesh.

श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र शाहाबाद अंतर्गत गोपा मऊ कस्बे का अपना अलग ही ऐतिहासिक महत्व है। इस कस्बे में लखोरी ईंट द्वारा बने अद्भुत महल उसकी ऐतिहासिकता को दर्शाते हैं एवं निर्माण कार्य में रुचि रखने वालों को अपनी ओर बराबर आकर्षित करते रहे हैं। कर्नाटक के मशहूर नवाब मोहम्मद अली वाला जा इसी कस्बे में जन्मे थे। आज इन महलों की दशा अत्यंत खराब हो गई है। इन महलों की सांस्कृतिक विरासत धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। अल्पसंख्यक वर्ग की इन महलों के प्रति अपार श्रद्धा है।

सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि जिला हरदोई में लागू सम विकास योजना का पैसा बढ़ाकर जिला प्रशासन को निर्देश दिये जाएं कि इन् महलों की तरफ जाने वाली सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य प्रथम चरण में कराया जाए तथा उसे नगर पंचायत के स्तर पर न छोड़ा जाए।